हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 6 फरवरी 2026

11 जनता की शिकायत का समयबद्ध समाधान...



12 मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कांग्रेस का नारनौल...



## खबर संक्षेप

### आज सुनी जाएंगी बिजली समस्याएं

**नारनौल।** 6 फरवरी को प्रातः 10 से 11 बजे तक कार्यकारी अभियंता कार्यालय दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण नारनौल में 50 हजार रुपये तक के बिलिंग से संबंधित सीजीआरएफ शिकायतें सुनी जाएगी। किसी भी आमजन द्वारा यह अपील के तहत ऑफिस में एक प्रार्थना पत्र और बिल की कॉपी के तहत केस पेश कर सकता है तथा अपने बिल संबंधी पक्ष रख सकता है।

### किसान के ट्यूबवेल से कृषि उपकरण चोरी

**कनीना।** कनीना में एक कुएं पर दबिश देकर अज्ञात चोर कृषि उपकरण सहित कीमती सामान चोरी कर ले गए। इस बारे में कनीना निवासी किसान सत्यनारायण ने कनीना सिटी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके ट्यूबेल पर बने कमरे से अज्ञात चोर सिल्वर के दो बैंड, एक गिलासी, बिजली केबल के अलावा कुल्हाड़ी व हथौड़ा चोरी कर ले गए। उन्होंने अपने स्तर पर चोरों को खोजने का प्रयास भी किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने मौका मुआयना कर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### चौकीदार पद लिए आवेदन आमंत्रित

**नारनौल।** जिले के विभिन्न गांवों के पांच चौकीदारों के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। संबधित गांवों के इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार संबंधित तहसील कार्यालय में चौकीदार के रिक्त पदों पर 5 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद आने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि नारनौल तहसील के गांव कारोली, महेंद्रगढ़ तहसील के गांव खातौदड़ा व बुचोली, नांगल चौधरी तहसील के गांव रावता की ढाणी व दौखेरा गांव के चौकीदार के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

### बुजुर्गों की पेंशन काटना अमानवीयः विजय

**नारनौल।** जेजेपी जिला प्रवक्ता विजय छिलरो ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जिला महेंद्रगढ़ में 3102 बुजुर्गों की पेंशन काटना न केवल क्रूर फैसला है, बल्कि पीपीपी (परिवार पहचान पत्र) के नाम पर बुजुर्गों के साथ किया गया खुला अन्याय है। यह फैसला साबित करता है कि सरकार संवेदनहीन हो चुकी है। विजय छिलरो ने कहा कि चौधरी देवीलाल ने बुजुर्गों की पेंशन इसलिए शुरू की थी, ताकि जीवन के अंतिम पड़ाव पर कोई भी बुजुर्ग लाचार न रहे। आज उसी पेंशन को पीपीपी की तकनीकी खामियों और गलत आंकड़ों के आधार पर काट देना चौधरी देवीलाल की सोच, सामाजिक न्याय और हरियाणा की गरीब विरोधी नीति का सबसे बड़ा सबूत है।

## एबीवीपी के छात्र नेताओं ने की आयुर्वेद कॉलेज के प्रिंसिपल से मुलाकात

# बीएएमएस छात्र-छात्राओं का धरना समाप्त ज्वाइंट डायरेक्टर पहुंचे धरनास्थल पर

- लघु सचिवालय में सीटीएम के सम्मुख रखा हॉस्टल निर्माण नहीं होने तक गर्ल्स कॉलेज एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज के हॉस्टलों का उपयोग करने का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हॉस्टल बनवाने की मांग को लेकर राजकीय बाबा खेतानाथ आयुर्वेद अस्पताल एवं कॉलेज में चौथे दिन भी बीएएमएस छात्र-छात्राओं का धरना-प्रदर्शन जारी रहा। चौथे दिन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्त्ता आयुर्वेदिक कॉलेज पहुंचे और छात्रों की मांग का समर्थन करते हुए हॉस्टल निर्माण की मांग उठाई। निर्माण होने तक एबीवीपी ने हॉस्टल के रूप में गर्ल्स कॉलेज तथा पॉलीटेक्नीक के हॉस्टल में इन छात्रों की वैकल्पिक व्यवस्था करने की बात भी कही। वहीं दूसरी ओर शाम के समय आयुष विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर बिजेंद्र सिंह हुड्डा राजकीय बाबा खेतानाथ आयुर्वेद कॉलेज एवं अस्पताल पटीकरा पहुंचे, जहां उनसे छात्रों का एक डेलीगेशन मिला। डेलीगेशन की मुलाकात के बाद धरना समाप्त कर दिया गया।

बता दें कि हॉस्टल जैसी प्रमुख मांग को लेकर बीएएमएस चार दिनों से हड़ताल पर हैं। उन्होंने कक्षाओं का बहिष्कार कर कॉलेज परिसर में ही धरना दिया हुआ है। इस धरने के चौथे दिन दौरान एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने आयुर्वेद महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। विद्यार्थियों ने बताया कि बाबा खेतनाथ आयुर्वेदिक कॉलेज की स्थापना वर्ष 2018 में हुई थी, लेकिन स्थापना के इतने वर्षों बाद भी आज तक महाविद्यालय में हॉस्टल एवं कैंटीन जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। विद्यार्थियों की प्रमुख और एकमात्र मांग है कि महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं के लिए हॉस्टल सुविधा शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। हॉस्टल की सुविधा न होने के कारण छात्र-छात्राओं को बाहर निजी पीजी अथवा किराये के मकानों में रहना पड़ रहा है, जिसका खर्च अत्यधिक है और अधिकांश विद्यार्थी उसे वहन करने में असमर्थ हैं। इतना ही नहीं, इनके खाने की क्वालिटी को लेकर भी छात्र चिंतित दिखाई दिए। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई एवं मानसिक स्थिति पर गलत प्रभाव पड़ रहा है।

धरने स्थल से एबीवीपी कार्यकर्ता प्राचार्य के कार्यालय में गए तथा उनके सम्मुख भी कॉलेज हास्टल की डिमांड तथा छात्रों का पक्ष रखा। उन्होंने प्राचार्य से विस्तार से चर्चा कर विद्यार्थियों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। प्राचार्य डा. श्रीनिवास गुज्जरवार ने बताया कि हॉस्टल की फाइल चली हुई है। उम्मीद है इस बजट में कॉलेज हॉस्टल के लिए बजट मिल जाएगा।





नारनौल। धरनारत बीएएमएस छात्र-छात्राओं से सीधे बात करते ज्वाइंट डायरेक्टर डा. बिजेंद्र सिंह हुड्डा व सीटीएम मंगल सेन को ज्ञापन सौंपते एबीवीपी कार्यकर्ता।

### ज्वाइंट डायरेक्टर ने दिया आश्वासन

बीएएमएस छात्र-छात्राओं की हड़ताल एवं धरने की सूचना पाकर वीरवार सायंकाल को आयुष विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर बिजेंद्र सिंह हुड्डा पटीकरा कॉलेज पहुंचे तथा उन्होंने धरना स्थल पर पहुंचकर छात्रों से सीधे बात की। आंदोलनकारी छात्रों ने उन्हें हॉस्टल व अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति से अवगत कराया। जिस पर ज्वाइंट डायरेक्टर ने बताया कि कॉलेज में हॉस्टल ही नहीं, स्टाफ के क्वार्टर भी नहीं हैं। इन सभी की प्रक्रिया चली हुई है और एक साल में इनका निर्माण कर लिया जाएगा। तब तक उन्होंने प्रिंसिपल से प्रशासन से मिलकर वैकल्पिक व्यवस्था करने तथा पीजी संचालकों के साथ मीटिंग करने को कहा। सुरक्षा के दृष्टिगत उन्होंने डीसी एवं एसपी से बात करने को कहा। उन्होंने आने-जाने की सुविधा के लिए सुबह एवं शाम को रोडवेज जीएम से मिलकर एक-एक बस चलाने का आश्वासन दिया। उनके आश्वासन उपरांत छात्रों ने धरना समाप्त कर दिया।

### सीटीएम को सौंपा ज्ञापन

*प्राचार्य से मिलने के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता लघु सचिवालय गए तथा डीसी के नाम सीटीएम डा. मंगल सेन को एक ज्ञापन सौंपा। साथ ही हॉस्टल की मांग को लेकर उनसे चर्चा भी की। उन्होंने बताया कि नारनौल में ही गर्ल्स कॉलेज तथा पॉलिटेक्निक कॉलेज में हॉस्टल बने हुए हैं। जब तक आयुर्वेद कॉलेज में हास्टल नहीं बन जाता, तब इनका वैकल्पिक इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने मांग की कि आयुर्वेद महाविद्यालय परिसर में हॉस्टल निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए और जब तक हॉस्टल का निर्माण पूर्ण नहीं होता, तब तक छात्राओं को अस्थायी रूप से राजकीय महिला महाविद्यालय एवं बाबा खेतानाथ पॉलिटेक्निक के हॉस्टलों में आवास की सुविधा प्रदान की जाए।*

### यह थे मौजूद

इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक कमल रोहिल्ला, राजकीय महाविद्यालय इकाई अध्यक्ष पीयूष, इकाई मंत्री मनजीत, तथा बाबा खेतनाथ आयुर्वेदिक कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने स्पष्ट किया कि जब तक विद्यार्थियों की जायज मांगें पूरी नहीं हो जाती, तब तक संगठन छात्रों के हित में निरंतर संघर्ष करता रहेगा।

## दर्दनाक हादसे में महासर गांव में गम का माहौल

# रोडवेज बस की चपेट से बुजुर्ग महिला की मौत

**अटेली-कनीना रोड पर महासर के समीप हुआ हादसा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

अटेली-कनीना रोड पर महासर के समीप रोडवेज बस की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची अटेली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल नारनौल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार वीरवार सायं तीन बजे महासर निवासी 64 वर्षीय राजबाई महासर कारिया की तरफ से अपने खेत में काम के लिए जा रही थी। तभी कनीना साइड से अटेली की तरफ एक रोडवेज बस ने उसको टक्कर मार दी, जिससे बुजुर्ग महिला की मौत हो गई।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची अटेली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मृतक राजबाई के दो लड़के एवं तीन लड़कियां हैं। सभी की शादी हो चुकी है। वहीं राजबाई के पति की लगभग 20 वर्ष पहले मौत हो चुकी है। इस दर्दनाक हादसे में पूरे महासर गांव में गम का माहौल बना हुआ है।

# राजमिस्त्री को बाइक चालक ने मारी टक्कर, मौत

**कनीना-दादरी मार्ग स्थित गांव धनौंदा में हुआ हादसा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

कनीना-दादरी मार्ग स्थित गांव धनौंदा में घटित सड़क हादसे में एक राजमिस्त्री की दर्दनाक मौत हो गई। इस बारे में दीनदयाल वासी धनौंदा ने कनीना सिटी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता निहाल सिंह मकान निर्माण कार्य करता है।

बुधवार को देर शाम सात बजे जब वह काम करने के बाद पैदल घर लौट रहा था। बस स्टैंड के समीप एक बाइक सवार व्यक्ति ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह गिरकर बुरी तरह से घायल हो गया। उसके सिर में गहरी चोट होने के कारण परिजनों ने उसे शीघ्रता से ट्रॉमा सेंटर रेवाड़ी दाखिल कराया। जहां पहुंचने पर निहाल सिंह ने दम तोड़ दिया। हादसे के आरोपित बाइक चालक की पहचान सतीश वासी धनौंदा के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। जहां बृहस्पतिवार को गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। सिटी थाना इंचार्ज राकेश कुमार ने बताया कि दीनदयाल की शिकायत पर आरोपी बाइक चालक के विरुद्ध बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# आने वाले समय में और मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगेः आरती राव

- स्वास्थ्य मंत्री ने डीसी को अटेली में बुलाकर विकास कार्यों को लेकर सैनिक रेस्ट हाउस में बैठक की
- आने वाले दिनों में अटेली चमके, इसके लिए विशेष कार्य किए जा रहे हैं: मंत्री



मंडी अटेली। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव एवं डीसी कैप्टन मनोज कुमार। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने अटेली स्थित सैनिक विश्रम गृह में उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार से जिले के विकास कार्यों को लेकर विशेष बैठक की। अचानक बैठक होने पर जिले व अटेली के अधिकारी सतर्क हो गये। लंबे अंतराल के बाद कोई मंत्री या बड़ा अधिकारी सैनिक विश्रम गृह अटेली में आने पर उसकी आनन-फानन में साफ-सफाई की गई। अटेली क्षेत्र में रेस्ट हाउस बनाने के लिए लंबे समय से मांग चल रही है। रेस्ट हाउस के बाद मीटिंग करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह ने कहा कि अटेली को चमकाने के लिए वह अपना प्रयास कर रही है। जिले में विकास को नए आयाम दिए जाएंगे।

पटीकरा स्थित आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में चल रहे छात्रों के धरने में हड़ताल पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि 2017 में कालेज बना था, उस समय वह विधायक या मंत्री नहीं थी, लेकिन नये बजट में प्रावधन कर हास्टल, कैंटीन की सुविधा प्रदान की जाएगी। सरकारी अस्पताल में बेहतरीन सुविधाएं हो इसके लिए स्पेशली कार्य किये जा रहे हैं। पहले प्रदेश में एफआरयू 54 हुआ करते थे, लेकिन अब हरियाणा में मार्च तक 100 के ऊपर होने वाले हैं। प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने के लिए पुरानी मेडिकल मशीनों को बदला जा रहा है। पहले प्रदेश में उनके कार्यकाल में दो-दो बड़े-मेडिकल कॉलेज खुले थे, जिसमें एक भिवानी व कोरियावास अब नये मेडिकल कालेज खोले जाएंगे। नये बजट सत्र में अटेली समेत अनेक विकास कार्य को अंजाम दिया जाएगा।

बाछौद एयर फिल को विस्तार किया जा रहा है। धीरे-धीरे अटेली को चमकाने के लिए कार्य किये जा रहे हैं। मेडिकल की सीटें को 2700 तक कर दिया गया है। एमडी की सीटे भी 100 बढ़ा दी गई हैं।

## भविष्य के चैंपियन तैयार करने के लिए प्रदेश सरकार की पहल

# सरकार ने मांगे खेल नर्सरियों के लिए आवेदन

- इच्छुक संस्थान 15 फरवरी तक वेबसाइट पर कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा सरकार के खेल विभाग ने खेल प्रतिभाओं को जमीनी स्तर पर तराशने के उद्देश्य से आगामी सत्र 2026-27 के लिए खेल नर्सरी स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत जिला के सरकारी स्कूलों, ग्राम पंचायतों और निजी शिक्षण संस्थानों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।


इच्छुक संस्थान 15 फरवरी तक विभागीय वेबसाइट haryanas-ports.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी देते उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और भविष्य के चैंपियन तैयार करना है। उन्होंने बताया कि यह खेल नर्सरियां ओलंपिक, एशियन व कॉमनवेल्थ खेलों में चुनिंदा खेलों के लिए स्थापित की जाएंगी। इस संबंध में अन्य किसी जानकारी के लिए इच्छुक संस्थान सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में स्थित जिला खेल अधिकारी कार्यालय में आकर जानकारी ले सकते हैं। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि खेल नर्सरी आवंटित करने से पहले खेल विभाग द्वारा संस्थानों के खेल बुनियादी ढांचे की गहन जांच की जाएगी। इसमें खेल के मैदान की उपलब्धता, कोच की योग्यता और संस्थान में खेल के प्रति पिछले ट्रैक रिकॉर्ड को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि केवल उन्हीं संस्थानों को अनुमति दी जाएगी जो खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने में सक्षम होंगे।

### नर्सरियों का समय-समय पर होगा निरीक्षण

*निगरानी और प्रशिक्षण की गुणवत्ता प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा समय-समय पर इन नर्सरियों का निरीक्षण किया जाएगा। खेल प्रशिक्षकों को आधुनिक कोचिंग तकनीकों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि जमीनी स्तर पर ही बच्चों की तकनीक को सुधारा जा सके। नरेंद्र कुण्डू ने जिले के अधिक से अधिक शिक्षण संस्थानों और पंचायतों से इस योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया ताकि ग्रामीण अंचलों की छिपी हुई प्रतिभाओं को सही मंच मिल सके।*

### प्रतिभावान को सरकार देगी डाइट मनी

जिला खेल अधिकारी नरेंद्र कुंडू ने बताया कि खेल नर्सरी की पहल के तहत न केवल संस्थानों को बल्कि सीधे तौर पर खिलाड़ियों को भी लाभान्वित किया जाएगा। खेल नर्सरी में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभावान खिलाड़ियों को हरियाणा सरकार की नीति के अनुसार छात्रवृत्ति (डाइट मनी) प्रदान की जाएगी। इसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभाशाली बच्चों को बिना किसी वित्तीय बाधा के अपनी खेल प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करना है, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदेश का नाम रोशन कर सकें।



सेलिब्रेशन/ शिखर चंद जैन

# ये अनोखे फेस्टिवल्स यहां बच्चे करते हैं फुल मस्ती-धमाल

फेस्टिवल कोई भी हो, उसे सबसे अधिक एंज्वॉय बच्चे ही करते हैं। हम तुम्हें दुनिया भर में मनाए जाने वाले कुछ ऐसे फेस्टिवल्स के बारे में बता रहे हैं, जो कई मामलों में बहुत अनोखे हैं, यहां तुम खूब जम कर मस्ती कर सकते हो।



## जस्ट सो फेस्टिवल, चेशायर इंग्लैंड

**यह फेस्टिवल** किसी जादुई जंगल में आ जाने जैसा है। यहां बच्चे और उनके माता-पिता भालू, लोमड़ी और शेर के गेटअप में जंगलों में कैंपिंग करते हैं। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण 'कहानियों का जंगल' यानी एक काल्पनिक दुनिया



है। यहां बच्चों और उनके माता- पिता को संगीत, कला और साहित्य के माध्यम से अलग-अलग किरदारों को जीने का मौका मिलता है। ट्राइबल टूर्नामेंट यहां की सबसे प्रसिद्ध परंपरा है। इसमें भाग लेने वाले लोग लोमड़ी, मेंढक, उल्लू या मछली जैसे विभिन्न 'कबीलों' में बंट जाते हैं। इस फेस्टिवल में पूरे वीकेंड तरह-तरह की प्रतियोगिताएं होती हैं। यहां रात के समय कहानी सुनना, जंगलों के बीच कलाकृतियां बनाना, लाइव म्यूजिक, डांस और थिएटर जैसी एक्टिविटीज शामिल हैं। यह फेस्टिवल इंग्लैंड के चेशायर में सुंदर उद्यानों और जंगलों में आयोजित किया जाता है, जो इसे एक परिकथा जैसा माहौल देता है। इस साल यह उत्सव 21 से 23 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। *

## कैंप बेस्टिवल, डोरसेट यूके

**बच्चों के** लिए खास आकर्षण कैंप बेस्टिवल को विशेष रूप से 'फैमिली फ्रेंडली' फेस्टिवल माना जाता है। इस साल इसे 'सीसाइड' (समुद्र के पास) थीम के साथ मनाया जाएगा। इस बार के फेस्टिवल में बच्चों के चहेते मिस्टर टम्बल, ब्लिपी और मिस्टर मेकर लाइव शो करेंगे। साथ ही 'हॉरिबल हिस्ट्रीज' की टीम इतिहास को मजेदार अंदाज में पेश करेगी। यहां म्यूजिक के अलावा 100 से अधिक एक्टिविटीज होंगी, जिनमें सर्कस वर्कशॉप, साइंस शो, आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स और एडवेंचर स्पोर्ट्स शामिल हैं। यहां आए लोग अपनी फैमिली के साथ टेंट या लग्जरी कैंप्स में ठहर सकते हैं। यह चार दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम इस साल 30 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक यूके के डोरसेट में ऐतिहासिक लुलवर्थ कैसल मैदानों में आयोजित किया जाएगा। *

## इंटरनेशनल चिल्ड्रेंस फेस्टिवल ऑफ द आर्ट्स, सेंट अल्बर्ट कनाडा

**यह कनाडा** के अल्बर्टा प्रांत के सेंट अल्बर्ट शहर में आयोजित होने वाला एक प्रतिष्ठित वार्षिक उत्सव है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को विश्व स्तरीय कला, संगीत, थिएटर और नृत्य से रूबरू कराना है। यह मेला केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका लक्ष्य बच्चों की कल्पनाशीलता को जगाना और उन्हें सांस्कृतिक



विविधता के प्रति जागरूक करना है। यह उत्सव बच्चों के लिए किसी जादुई दुनिया से कम नहीं होता। इसमें दुनिया भर से आए कलाकार एक्रोबेटिक्स, कठपुतली शो, थिएटर और मैजिक शो पेश करते हैं। यहां बच्चे भी केवल दर्शक नहीं होते, बल्कि वे खुद कलाकार बनते हैं। मिट्टी के बर्तन बनाना, पेंटिंग, ड्रम बजाना और नृत्य जैसी कई इंटरैक्टिव वर्कशॉप आयोजित की जाती हैं। यहां की स्टर्जन नदी के किनारे खुले मैदानों में चेहरे पर पेंटिंग, गुब्बारे की कला और सड़क किनारे होने वाले करतब बच्चों का मन मोह लेते हैं। यह उत्सव कनाडा की बहुसांस्कृतिक पहचान को दर्शाता है। इसमें स्वदेशी कलाकारों के प्रदर्शन और कहानियों को विशेष स्थान दिया जाता है, जिससे बच्चे अपनी जड़ों और अन्य संस्कृतियों को समझ सकें। यह उत्सव इस साल 29 मई से 1 जून तक आयोजित किया जाएगा। *

## सांता क्रूज डी टेनेरिफ, कैनरी द्वीप स्पेन

**स्पेन के** इस द्वीप पर कार्निवल के दौरान बच्चों की अपनी अलग प्रतियोगिताएं होती हैं। छोटे बच्चों की अपनी 'क्वीन' चुनी जाती है, जो भारी और बेहद सुंदर गाउन पहनती है। यहां की 'मर्गस' नाम की संगीत मंडलियां बच्चों के लिए मजाकिया गाने गाती हैं। बच्चों के लिए खूब मौज-मस्ती भरा होता है यह फेस्टिवल। *



## गोवा कार्निवल, गोवा भारत

**बच्चो, अपने** देश में भी कई रंग-बिरंगे और ज्वॉयफुल फेस्टिवल्स मनाए जाते हैं। गोवा कार्निवल भी किसी विदेशी फेस्टिवल से कम नहीं है। यहां हर साल एक स्थानीय व्यक्ति को 'किंग मोमो' चुना जाता है। किंग मोमो को कार्निवल्स का राजा माना जाता है। किंग मोमो के आदेश पर ही गोवा कार्निवल की शुरुआत होती है। इस मेले में सड़कों पर झांकियां निकलती हैं। बच्चे चमकीले कपड़े पहनकर सड़कों पर गिटार और ड्रम बजाते हैं। यह त्योहार हमें सिखाता है कि खुश रहना ही सबसे बड़ा उत्सव है। इस वर्ष गोवा कार्निवल 13 से 17 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। *



अनोखा जंतु / अंजू जैन

बच्चो, प्रकृति में अनोखी शारीरिक विशेषताओं से युक्त अनेक जीव-जंतु, कीट-पतंगे पाए जाते हैं। ऐसा ही एक जंतु है ओलियंडर हॉक। इसकी कई प्रजातियां पाई जाती हैं। इसकी कौन-सी विशेषताएं हैं, यह कहां-कहां पाया जाता है, जानो।

# छिपने में माहिर सुंदर-आकर्षक ओलियंडर हॉक

बच्चो, दिखने में बहुत ही सुंदर और अद्भुत शारीरिक क्षमता वाला पतंगा है ओलियंडर हॉक। यह शिकारियों से छिपने की कला में बहुत माहिर होता है। इसका वैज्ञानिक नाम 'डैफनीस नेरी' है। इसे 'आक का पतंगा' भी कहा जाता है, क्योंकि इसके कैटरपिलर (लार्वा) आमतौर पर आक के पौधों पर पाए जाते हैं। इसे 'हॉक-मॉथ' या 'स्फिंक्स मॉथ' के नाम से भी जाना जाता है। इसकी लगभग 1,450 प्रजातियां पाई जाती हैं।



**शारीरिक रंग-रूपः** ओलियंडर हॉक के पंखों का फैलाव लगभग 9 सेंटीमीटर से 13 सेंटीमीटर तक होता है। हालांकि इसके रंग अलग-अलग होते हैं, लेकिन इसके पंख आमतौर पर हरे और जैतून के रंग के पैटर्न से बने होते हैं। इससे इसका रंग-रूप सैनिकों की वर्दी जैसा दिखता है। इसीलिए इसे 'आर्मी ग्रीन मॉथ' के नाम से भी जाना जाता है। इसके प्रत्येक पंख पर भूरे और सफेद रंग की धारियों वाली आंखों जैसी संरचना होती है। यह पतंगा अपनी रंग-बिरंगी खूबसूरत कैमोफ्लॉज डिजाइन के लिए जाना जाता है। इसके पंखों पर हरे, गुलाबी और सफेद पैटर्न बने होते हैं, जो इसे पत्तों के बीच छिपने में मदद करते हैं।



**ओलियंडर हॉक के कैटरपिलरः** आमतौर पर ओलियंडर हॉक के कैटरपिलर लाल-भूरे और काले रंग के होते हैं, जिसके पूरे शरीर पर सफेद धब्बे होते हैं। ये पुदीने जैसे हरे, लाइम ग्रीन या नीले रंग के भी होते हैं। लार्वा के शरीर पर बड़े-बड़े आंख जैसे धब्बे होते हैं, जो शिकारियों को डराने के लिए आकार में बढ़ते हैं। इसके शरीर के पिछले हिस्से पर एक मांसल सींग भी होती है, जो पीले या काले रंग की होती है। ओलियंडर हॉक में उड़ने और तेजी से मंडराने की अच्छी क्षमता होती है। एक वयस्क ओलियंडर हॉक-मॉथ का जीवनकाल लगभग 10-30 दिनों का होता है। वयस्क होने से पहले यह अंडे, लार्वा, प्यूपा जैसे विभिन्न चरणों से गुजरता है।

**कहां-कहां पाया जाता हैः** ओलियंडर हॉक उत्तरी अफ्रीका, एशिया और यूरोप के कई हिस्सों में मूल रूप से पाए जाते हैं। यह एक प्रवासी प्रजाति है, इसलिए यह अपने मूल क्षेत्र के बाहर भी पाया जा सकता है। यह गर्म इलाकों में रहना पसंद करता है। ये ज्यादातर समय पहाड़ियों और झाड़ियों पर बिताते हैं। ये शाम ढलने के बाद सबसे ज्यादा सक्रिय होते हैं। ये आमतौर पर मानव बस्तियों के पास रहने पर प्रकाश स्रोत की ओर आकर्षित होते हैं।

**क्या है भोजनः** ओलियंडर के कैटरपिलर आक के पत्तों को खाते हैं। वयस्क ओलियंडर हॉक विभिन्न फूलों के रस से अपना भोजन प्राप्त करते हैं। यह रस पीने के लिए हमिंगबर्ड की तरह फूलों के ऊपर मंडराते रहते हैं। चमेली, विंका, पेटुनिया और हनीसकल (मधुमालती) जैसे फूलों को ये विशेष रूप से पसंद करते हैं। *


बालगीत / सिराज अहमद

## चाचू तफरीबाज

अपने चाचू हैं
मजाकिया थोड़े तफरीबाज
नाटक करते ऐसा
कि तुम उनको समझ न पाओ
झूठमूठ गुस्साते
फिरते, उलझन में पड़ जाओ
फिर हंसते तो
दादी बोले आ जाओ तुम बाज
कभी रात में
बनकर काला भूत डराते हमको
कभी-कभी
आंगन में यूं ही बस दौड़ाते हमको
कभी निकाले
मुंह से बंदर-बिल्ली की आवाज
छुपम-छुपाई
खेले बनकर, हम जैसे ही बच्चे
हम कहते हैं
चाचू अपने, जग में सबसे अच्छे
उनको हमसे
प्यार बहुत है, हमको उन पर नाज



## बूझो तो जानें



1 तरल रूप में पाया जाऊं,
जीवन का पर्याय कहाऊं।
ठोस रूप भी मैं ले सकता,
गर्म करो तो मैं उड़ जाऊं।



2 लता में लगने वाला पत्ता,
शौक से खाया जाता।
कत्थे-चूने की परतों से,
खूब सजाया जाता।

3 चपर-चपर चरती है चारा,
मैं-मैं कर मिमियाए।
दूध बड़ा गुणकारी देती,
बोलो क्या कहलाए?

- वसीम अहमद नगरामी

उत्तर: 1. पानी, 2. पान, 3. बकरी



## जीके क्विज-191

1. देश की वर्तमान वित्त मंत्री कौन हैं?
2. पुरुष हॉकी इंडिया लीग 2026 का खिताब किसने जीता है?
3. 'दिल्ली चलो' का नारा किसने दिया था?
4. 500 सिंगल्स मुकाबले जीतने वाली पहली भारतीय शटलर कौन बन गई हैं?
5. रात में दिखाई पड़ने वाला सबसे चमकीला तारा कौन-सा है?
6. पृथ्वीराज चौहान कहां के शासक थे?
7. स्वतंत्र भारत के पहले वित्त मंत्री कौन थे?
8. 'आनंदमठ' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
9. सफेद सोना (व्हाइट गोल्ड) किसे कहा जाता है?
10. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?



बच्चों, जीके क्विज-191 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-190 का उत्तर :** 1.साइना नेहवाल, 2.आर्यन वार्ष्णेय, 3.राजनाथ सिंह, 4.शाहजहां, 5.शुभांशु शुक्ला, 6.पद्म विभूषण, 7.टोकोफेरॉल, 8.विटामिन डी, 9.वृहस्पति, 10.बछेंद्री पाल

**जीके क्विज-190 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, रमेश-बैकुंठपुर, दारा-महासमुंद, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, श्रेया-दामोह, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, अंकित-दुर्ग, सारिका-रायपुर, नेहा-भोपाल, ज्योति-बैकुंठपुर

घर में आदमी, गाय, कुत्ते ने साथ-साथ कैसे रहना शुरू किया, इसके पीछे बड़ी रोचक कहानी है। बच्चो, तुम भी इसको जानो।

# कहानी घर, पेड़ और गाय की



कहानी
समीर गांगुली



एक घर, एक पेड़ और एक गाय तीनों अड़ोसी-पड़ोसी थे। पेड़ को रात में चलने की बीमारी थी। घर में कोई मनुष्य नहीं रहता था। वह जब-तब आवाज देकर लोगों को अपने यहां रहने के लिए बुलाया करता था। जब कोई आ जाता तो घर तरह-तरह की करतूतों से उसे डराता और रात-बेरात भगा देता था। गाय को गाने का बड़ा शौक था, वह सारा दिन अपनी धुन में गाती रहती थी। लेकिन बड़ा बेसुरा गाती थी, सो कोई उसके पास नहीं फटकता था।

बस थोड़ी दूर एक कुत्ता भी रहता था, जो दूर से ही इन तीनों की हरकतों को देखता रहता था। एक दिन खूब जोर से बारिश आई, पेड़ नाचने लगा। गाय डर कर चुप हो गई और घर ने आवाज देकर बारिश में भीगते कुत्ते को बुलाया। कुत्ता भीगता-भीगता घर के अंदर पहुंचा। घर के बीचोंबीच एक दरी बिछी थी। कुत्ता जाकर उस पर बैठ गया। उसे वहां बैठ कर बड़ा अच्छा लगा। खिड़की से नाचते पेड़ को देखा तो पेड़ ने उसे बाहर आकर नाचने का न्योता दिया। वह बाहर गया तो नहीं, मगर पेड़ का नाच उसे पसंद आया। इसके बाद गाय पर नजर पड़ी तो डरी गाय को देखकर उसकी मदद करने का मन हुआ। उसने गाय की तरफ देखकर एक लंबी सी आवाज निकाली, जिसे गाय ने कुत्ते का गाना समझा और वह भी उछल कर जोर-जोर से गाने लगी। वही बेसुरा गाना और गाते-नाचते घर के दरवाजे तक आ गई। घर धूल-मिट्टी और कबाड़ से भरा था। कुत्ते ने झाड़ियों का एक झाड़ू बनाया और घर को साफ कर दिया। इससे घर खुश हुआ, वह बोला, 'आज से हम सब दोस्त। अब हमारे सुख-दुख साझा हैं।'

कुत्ता खुश हो गया। उसे बहुत दिनों बाद किसी से बात करने का मौका मिल रहा था। वह तुरंत बोला, 'ठीक है, हमारे सुख-दुख हैं क्या?

गाय ने सिर हिलाकर कहा, 'मुझे तो पता नहीं।'

घर हंसा और बोला, 'चलो किसी आदमी को बुलाते हैं। वही हमें सुख और दुख दोनों देगा।' और फिर वे आदमी का इंतजार करने लगे। एक दिन आदमी आया और उसने घर से पूछा, 'क्या मैं यहां थोड़ी देर विश्राम कर सकता हूं? बस आज रात?'

कुत्ते ने आदमी का एक चक्कर लगाकर पूछा, 'मगर तुम्हारी गठरी में क्या है?'

आदमी बोला, 'सुख और दुख।'

यह सुनकर घर, कुत्ता और गाय एक साथ बोले, 'हां-हां, क्यों नहीं! चाहो तो हमेशा के लिए रह जाओ।' तब से आदमी, घर, कुत्ता और गाय साथ-साथ रहते हैं। सुख-दुख मिल कर सहते हैं। *



कहानी
मोहम्मद अरशद खान


एक दिन मम्मी की तबीयत बिगड़ी तो दिल्लू ने दादी की मदद से उनके लिए दलिया बनाई। अपने लिए पिज्जा ऑर्डर कर दिया। लेकिन इस ऑर्डर को उसने कैंसिल कर दिया। उसने भी मजे से दलिया खाई। आखिर दिल्लू का मन कैसे बदल गया?

# दिल्लू ने बनाया दलिया

दादी को दम-आलू अच्छा लगता है। पापा को शाही पनीर बहुत पसंद है। मम्मी के लिए राजमा-चावल के आगे सब बेकार। पर दिल्लू को क्या पसंद है...? कुछ नहीं। दाल में मजा नहीं आता। गोभी अजीब लगती है। बैंगन बेकार है। लौकी-कद्दू का तो कोई नाम भी न ले। पालक, परवल, भिंडी कुछ भी अच्छा नहीं लगता।

आज मम्मी को बुखार आ रहा है। सुबह से बिस्तर पर पड़ी हुई हैं। कामवाली बुआ गांव गई हैं। उनकी बेटी की शादी है। पापा ड्यूटी गए हैं। घर पर अकेली दादी हैं। तो फिर खाना कौन बनाएगा? दिल्लू बेफिक्र है। दादी का व्रत है। इसलिए वह सिर्फ फल खाएंगी। फ्रिज में ढेर सारे फल पहले से रखे हैं। अपने लिए वह पिज्जा ऑर्डर कर लेगा। लेकिन मम्मी...? वह क्या खाएंगी? डॉक्टर ने कहा है सिर्फ हल्का-फुल्का खाना दे सकते हैं- जैसे दलिया। 'हां, यही ठीक रहेगा। मम्मी के लिए दलिया बना दूंगा। अपने लिए डबल चीज पिज्जा ऑर्डर कर देता हूं।' दिल्लू ने सोचा। लेकिन दलिया बनाना तो उसे आता नहीं। 'कोई बात नहीं दादी से पूछ लूंगा।' सोचता हुआ दिल्लू किचन में जा पहुंचा। 'सबसे पहले क्या करना होगा...?' उसने दादी को जोर से आवाज लगाते हुए पूछा।

दादी मुश्किल से चलती हुई किचन में आईं। दिल्लू उनके बैठने के लिए कुर्सी ले आया। दादी बैठती हुई बोलीं,'सबसे पहले एक साफ पैन लेना होगा। फिर चूल्हा जलाना होगा...।' 'उफ, दादी ये सब तो मालूम है। उसके आगे बताइए।' दिल्लू चिढ़कर बोला। 'तो फिर एक कटोरी दलिया लो और पैन में हल्की आंच पर इसे भून लो।' उसके खीझने पर दादी हंसते हुए बोलीं।



दिल्लू दलिया भूनने लगा। बीच-बीच में पूछता, 'अब बस करूं?'

दादी कहतीं, 'थोड़ा और, जब खुशबू आने लगे।' 'अब आगे क्या करना है?' दलिया भूनने के बाद दिल्लू ने पूछा।

दादी ने बताया, 'अब देसी घी की छौंक लगानी है।' 'लेकिन घी कहां रखा है?' दिल्लू ने पूछा। 'ये तो मुझे भी नहीं पता, मम्मी से क्यों नहीं पूछ लेते?' दादी ने कहा। 'श... श... श... उन्हें सरप्राइज देना है।' दिल्लू ने होंठों पर अंगुली रखते हुए कहा। कई मर्तबानों के ढक्कन खोलने के बाद घी मिला। अब लौंग-इलायची ढूंढना इससे भी मुश्किल काम था। पर उसने ढूंढ निकाला। अब जरूरत थी, दूध और शक्कर की। यह ढूंढना थोड़ा आसान था। दिल्लू दलिया बनाने में कसर नहीं छोड़ना चाहता था। ताकि मम्मी को भी पता लगे, वह कितना अच्छा कुक है। अखिरकार दलिया बनकर तैयार हो गया। लेकिन इतने से काम में दिल्लू के पसीने छूट गए। हाथ जलते-जलते बचा और कपड़े भी गंदे हुए, पर वह खुश था।

'थोड़ा ठंडा हो जाने दो, फिर परोस देना।' दादी उसकी पीठ थपथपाती हुई कमरे में चली गईं। मम्मी अभी सो रही थीं। दिल्लू ने सोचा क्यों न दलिया चखकर देखा जाए। पहली बार खुद से कोई चीज बनाई है। पता नहीं कैसा स्वाद हो। मम्मी को अच्छी लगे न लगे। उसने कटोरे में दलिया निकाला। डरते-डरते एक चम्मच मुंह में रखा। स्वाद पाते ही उसका चेहरा खिल उठा। दलिया तो बहुत अच्छा बना था। 'वाह क्या स्वाद है!' एक चम्मच... दो चम्मच... तीन चम्मच... वह खाता ही रहा। 'मम्मी के लिए दोबारा बना लूंगा।' उसने सोचा।

दादी बाथरूम से लौट रही थीं। दिल्लू को देखकर बोलीं, 'तुम तो कहते थे तुम्हें दलिया पसंद नहीं है।' 'पर आज से अच्छा लगने लगा है।' दिल्लू हंसकर बोला।

'लेकिन तुमने पिज्जा ऑर्डर किया था। उसका क्या होगा?' दादी को भी हंसी आ गई। 'वह ऑर्डर तो मैंने कैंसिल कर दिया।' दिल्लू ने कहा और पैन में बचा दलिया कटोरे में उड़ेल लिया। *

## रंग भरो-195

रंग भरो-195 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





सरस्वती, दिल्ली



वेदिका, कोरबा



डिंपल, दुर्ग



पूर्वी, खैरागढ़



कल्पित, बालोद



श्रुति, भिवानी

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

पयोधि-अंबिकापुर, आन्या-दुर्ग, आदित्य-खैरागढ़, अनुभव-सूरजपुर, चेतन-दुर्ग, धरनी-दुर्ग, प्रतिभा-सारंगढ़ बिलाईगढ़, खुशी-रोहतक, रितेश-मटियारी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, आकाश-बलौदा बाजार

## रंग भरो 196



बच्चो, यहां एक क्यूट-से पांडा का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### सलीमपुर की बेटी योगिता ने की यूजीसी पास

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांव सलीमपुर की प्रतिभाशाली बेटी योगिता कटारिया ने पर्यावरण विज्ञान विषय में यूजीसी नेट परीक्षा 88.5 पर्सेंटाइल के साथ उत्तीर्ण कर क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया है। योगिता की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।


योगिता

### नेहा ने यूजीसी नेट की परीक्षा की उत्तीर्ण

**महेंद्रगढ़।** मौहल्ला महायचान निवासी एवं गांव जोनावास की बहू नेहा ने संगीत विषय में यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। नेहा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने ससुर रामजीवन चौहान, सास लाली देवी, पति राजेश चौहान, माता शकुंतला महायच, पिता रोहताश महायच और भाई सचिन महायच व चाचा राजेंद्र महायच को दिया है।


नेहा

### सुजापुर के नरेंद्र यादव ने नेट परीक्षा की उत्तीर्ण

**मंडी अटेली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश सहमंत्री व सुजापुर के नरेंद्र यादव ने इतिहास विषय में नेट परीक्षा पास की हैं। नरेंद्र यादव इससे पहले संघ एवं राज्य लोकसेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा भी पास कर चुके हैं। पावर लिफ्टिंग में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक विजेता रह चुके हैं।


नरेंद्र यादव

### यशदीप ने की यूजीसी नेट क्वालीफाई

**नारनौल।** ढाणी फैजाबाद से यशदीप पुत्र मुकेश कुमार (विज्ञान अध्यापक) ने दूसरी बार यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। यशदीप ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों तथा माता-पिता को दिया। यशदीप ने अपनी स्नातक की शिक्षा एग्रीकल्चर ऑनर्स एलपीयू, यूनिवर्सिटी जालंधर से पूरी की तथा स्नातकोत्तर की शिक्षा राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर से पूरी की है।


यशदीप

### जांजड़ियावास के झूथाराम का निधन

**महेंद्रगढ़।** जांजड़ियावास में उस वक्त शोक की लहर दौड़ गई, जब सेना और नहर विभाग के कर्मठ पूर्व कर्मचारी झूथाराम (84 वर्ष) के निधन की सूचना मिली। झूथाराम ने 13 वर्षों तक भारतीय सेना में रहकर देश की सीमाओं की रक्षा की। उन्होंने 22 वर्षों तक नहर विभाग में अपनी सेवाएं दी। झूथाराम न केवल एक अनुशासित पूर्व सैनिक थे, बल्कि एक अत्यंत मिलनसार और नेक दिल इंसान भी थे।



### नांगल चौधरी में दिया गया एसआईआर प्रशिक्षण

**नांगल चौधरी।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा के निर्देशानुसार आगामी मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैजनाथ राजकीय महिला महाविद्यालय नांगल चौधरी में विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

### सिल्वरजोन इंटरनेशनल ऑलंपियाड की हुई परीक्षा

**नारनौल।** प्रतियोगिता में हर वर्ष की भाति इस बार फिर से स्थानिय हुडा स्थित सीएल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेंडल व प्रमाण पत्र प्रदान किए। कक्षा छठी से आठवी वर्ग में अंग्रेजी विषय में अवनी सैनी, अनाया सैनी, हर्षिका , जीया और भव्या ने गोल्ड प्राप्त किया। साईंस विषय में अवी यादव, अकक्षांश और माही यादव ने गोल्ड प्राप्त किया।

## उपायुक्त ने समाधान शिविर में सुनीं 51 जनसमस्याएं

# जनता की शिकायत का समयबद्ध समाधान करें अधिकारी: डीसी

- आमजन की शिकायतों को नजरअंदाज करना किसी भी स्तर पर स्वीकार नही : कैप्टन मनोज कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** लोगों की शिकायत सुनते डीसी। फोटो : हरिभूमि

जिला प्रशासन की ओर से वीरवार को लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कोर्ट रूम में आयोजित समाधान शिविर में डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने आमजन की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। समाधान शिविर में 51 शिकायतें पंजीकृत हुई। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया व एसडीएम कनिका गोयल भी मौजूद रहे। डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि जिला व उपमंडल स्तर पर लगाए जा रहे समाधान शिविर आमजन की शिकायतों का समाधान करवाने में कारगर साबित हो रहे हैं। समाधान शिविर में नागरिकों को एक ही स्थान पर अपनी शिकायतों व समस्याओं का समाधान करवाने का अवसर मिल रहा है। जनता की शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी समाधान कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आमजन की शिकायतों को नजरअंदाज करना किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। अधिकारी आमजन की शिकायतों के निवारण की दिशा में तत्परता से कार्रवाई कर उन्हें राहत पहुंचाएं।

### जांच करने के दिए निर्देश

डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने समाधान शिविर में जाटवास गांव के ग्रामीणों की मंदिर के स्थान पर लाइब्रेरी बनाने की शिकायत पर एसडीएम कनिका गोयल को जांच करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार चितलांग निवासी बिसंबर की जमीन पैमाईश करवाने, श्यामपुरा गांव के लोगों ने अवैध कब्जे हटवाने तथा फिरनी व गली निर्माण करवाने की समस्या पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में उपायुक्त ने अवैध निर्माण, परिवार पहचान पत्र, पेंशन, जमीन की पैमाईश इत्यादि सहित अनेक निजी और सार्वजनिक समस्याएं सुनी और मौके पर उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनके समाधान बारे निर्देश दिए। इस दौरान डीएसपी दिनेश कुमार, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मनोज कुमार, नगर पालिका सचिव गौरव कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## यदुवंशी डिग्री कॉलेज ने खेलों में रचा इतिहास

- 10 किमी दौड़ में गौरव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया


**नारनौल।** खिलाड़ियों को विक्ट्री स्टैंड पर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**नारनौल।** यदुवंशी डिग्री कॉलेज पटीकरा के विद्यार्थी गौरव पुत्र भेरू शर्मा ने केएलपी महाविद्यालय रेवाड़ी में आयोजित 10 किमी दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य बजरंग लाल ने कहा कि यह हमारे छात्रों की मेहनत, अनुशासन और खेल भावना का परिणाम है। खेल सिर्फ जीत और हार का नाम नहीं है, बल्कि खेल हमें धैर्य, साहस और आत्मविश्वास सिखाते हैं। ग्रुप के चेयरमैन व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने बताया कि खेल केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि अनुशासन, सहनशीलता, आत्मविश्वास और नेतृत्व की कला सिखाते हैं। इस अवसर पर संस्था निदेशिका डा. सुरेश यादव, डा. प्रदीप यादव, कोच विजय सिंह यादव व सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## राजकीय महाविद्यालय में 10 दिवसीय सिलाई कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में और प्राचार्य प्रोफेसर राजवीर सिंह के दिशा-निर्देशों में छात्राओं के लिए 10 दिवसीय सिलाई कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। पीआरओ प्रोफेसर डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि दस दिवसीय कार्यशाला गर्ल्स कॉमन रूम में आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य डॉ. हवा सिंह द्वारा की गई। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि व्यावहारिक कार्यशालाएं छात्राओं के कौशल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और उन्हें भविष्य में स्व रोजगार के लिए प्रेरित करती हैं। महिला प्रकोष्ठ की संचालिका डॉ. पलक ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यशाला डॉ. गीता की अगुवाई में आयोजित की जा रही है, जिसमें छात्राएं सिलाई से संबंधित विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। कार्यशाला में प्रशिक्षक कविता द्वारा छात्राओं को सिलाई मशीन का प्रयोग, कटिंग, तुरपाई, काज सिलाई सहित सिलाई के विभिन्न व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी गई। छात्राओं ने प्रशिक्षण में उत्साहपूर्वक भाग लिया।


**नारनौल।** कार्यशाला में बुने गए कपड़े दिखाती छात्राएं।

## आरपीएस कॉलेज में इंटरएक्टिव एक्सपर्ट सेशन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** अतिथि का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

आरपीएस वेटरनरी कॉलेज बलाना में इंटरनेशनल वेटरनरी स्टूडेंट्स एसोसिएशन के सहयोग से एक इंटरएक्टिव एक्सपर्ट सेशन बियोंड क्लीनिक एंड क्लासरूम आयोजित की गई। कॉलेज रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र यादव ने बताया कि इस सत्र में मुख्य वक्ता के रुप में प्रैक्टिसिंग वेटरनरी नई दिल्ली की डॉ. गौतम उन्नी एवं उनके सहयोग डॉ. सहमन हांडा रहे। सत्र का उद्देश्य वेटरनरी छात्रों को क्लिनिकल ज्ञान के साथ-साथ करियर के व्यापक आयामों से परिचित कराना था।

डॉ. गौतम उन्नी ने अपने व्याख्यान में पैट वेटरनरी केयर तथा वेटरनरी सांइस में भविष्य की संभावना पर विस्तार से प्रकाश डाला। यह सत्र विशेष रुप से बीवीएससी एंड एएच प्रथम एवं द्वितीय वर्ष छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी रहा। छात्रों ने सत्र के दौरान सक्रिय सहभागिता दिखाई, अपने प्रश्न पूछे तथा अपने संदेहों का समाधान किया। इसके पश्चात डॉ. सहमन हांडा ने विदेशों में उच्च शिक्षा एवं करियर अवसर पर मार्गदर्शन किया। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे वरसा यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ सांइस पोलैंड के पूर्व छात्र रह चुके हैं, जिन्होंने छात्रों को अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर अवसर की स्पष्ट समझ मिली। सत्र के आगे के चरण में होलिस्टिक मेडिसन कैनाइन फीमेल गायनाकोलॉजी डिसऑर्डर्स तथा कार्डियोलॉजी (सीएमवीडी एवं न्यूट्रिशन) जैसे उन्नत विषयों पर चर्चा की गई, जिससे छात्रों को आधुनिक वेटरनरी प्रैक्टिस की गहन जानकारी प्राप्त हुई। इस आयोजन से छात्रों में न केवल शैक्षणिक ज्ञान में वृद्धि हुई, बल्कि उनके आत्मविश्वास, करियर विजन और प्रोफेशनल दृष्टिकोण को भी मजबूती मिली।

## एल एंड टी जैसी दिग्गज कंपनी में पॉलिटेक्निक के छात्रों को मिली प्लेसमेंट



**नारनौल।** बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि संस्थान की मैकेनिकल ब्रांच के तीन मेधावी विद्यार्थियों का चयन देश की जानी-मानी और प्रतिष्ठित कंपनी लार्सन एंड टूब्रो (एल एंड टी) में हुआ है। इस उपलब्धि से न केवल संस्थान का मान बढ़ा है, बल्कि आने वाले विद्यार्थियों के लिए भी नई प्रेरणा मिली है। चयनित विद्यार्थियों में मैकेनिकल फाइनल ईयर के विद्यार्थी योगेश, अमित और कुणाल शामिल हैं। कंपनी द्वारा निर्धारित सभी पात्रता मापदंडों को सफलतापूर्वक पूरा करते हुए विद्यार्थियों ने चयन प्रक्रिया में अपनी योग्यता साबित की। इस सफलता में ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर अनिल कुमार यादव का विशेष योगदान रहा, जिनके मार्गदर्शन और सतत प्रयासों से विद्यार्थियों को इस प्रतिष्ठित अवसर तक पहुंचने में सहायता मिली। वहीं, संस्थान के प्रधानाचार्य अनिल यादव इंजीनियर ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी स्टाफ और अनुशासित शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है।

## बाबा खेतानाथ पॉलिटेक्निक में हुआ युवा संवाद कार्यक्रम



**नारनौल।** वीरवार को बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में माई भारत बजट क्वेस्ट 2026 एवं माई भारत पोर्टल के माध्यम से यूथ एंगेजमेंट विषय पर एक विशेष जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को देश के बजट, सरकारी योजनाओं तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी को लेकर जागरूक करना रहा। जिला युवा अधिकारी नारनौल नित्यानंद यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ प्रशिक्षु जिला युवा अधिकारी विकाश मीणा, विशाल धाकड़, सूरज कुमार, राज पटेल एवं तरुण पंवार ने विद्यार्थियों को माई भारत पोर्टल, बजट क्वेस्ट 2026 और युवाओं के लिए उपलब्ध विभिन्न अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि माई भारत पोर्टल युवाओं को देश की विकास यात्रा से जोड़ने का एक सशक्त मंच है, जहां युवा स्वयंसेवा, नवाचार, नेतृत्व विकास और सरकारी योजनाओं में सक्रिय भागीदारी कर सकते हैं। बजट क्वेस्ट 2026 के माध्यम से युवाओं को बजट प्रक्रिया को समझने, सुझाव देने और अपनी सोच को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का अवसर मिलता है।

## बस स्टैंड गोद बलाहा पर लगे रक्तदान शिविर में 90 यूनिट रक्त संग्रह



**नारनौल।** बस स्टैंड गोद बलाहा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोद के सामने स्वर्गीय राजेंद्र उर्फ ताराचंद बाबूजी की तीसरी पुण्यतिथि पर वीरवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर बस स्टैंड गोद-बलाहा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोद के सामने संपत सेठ वाली बिल्डिंग में लगाया गया। रक्तदान शिविर का आयोजन जेआरपी ब्लड बैंक नारनौल की टीम द्वारा किया गया, जिसका संचालन डा. अंकित चौधरी एवं उनकी टीम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में कुल 90 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जो मानव सेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल है। इस अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी एवं पार्षद विनोद यादव उर्फ भील विशेष रूप से उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि विनोद यादव स्वयं सौ से अधिक बार रक्तदान कर चुके हैं और समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय हैं। शिविर में विकास यादव बड़कोदा, डीपी वर्मा, हरिओम सरपंच, कृष्ण डेलीगेट, महिपाल मास्टर, भूपसिंह पंच, उमराव सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## बीआर ज्ञानदीप स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**महेंद्रगढ़।** जिला स्तर पर आयोजित लीगल लिटरेसी प्रोग्राम में बीआर ज्ञानदीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल सूरजनवास ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। महेंद्रगढ़ स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में खंड स्तर पर विजेता प्रतिभागियों ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में प्रकृति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिता में सोनम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों पर आधारित नाटक प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजय होकर विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय चेयरमैन रूपराम यादव एवं प्रधानाचार्य रामबीर यादव ने सभी विजेता विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर प्रतियोगिता की तैयारी करवाने वाले कृष्ण यादव, कुमारी ईशु एवं संगीत शिक्षक संदीप के मार्गदर्शन पर विश्वास जताते हुए उनका धन्यवाद किया गया। विद्यालय संस्थापक रामसिंह यादव ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता पूरी टीम की मेहनत, समर्पण और विद्यार्थियों के निरंतर प्रयासों का परिणाम है तथा उन्होंने समस्त विद्यालय का हृदय से आभार व्यक्त किया। सभी चयनित बच्चे अब मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए गुरुग्राम जाएंगे।

## टैगोर के 14 खिलाड़ी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

सीएम कप बास्केटबॉल के लिए जिला स्तरीय ट्रायल आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


**महेंद्रगढ़।** चयनित टैगोर के खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

जिला मुख्यालय स्थित सुभाष स्टेडियम में हाल ही में सीएम कप बास्केटबॉल के लिए जिला स्तरीय ट्रायल आयोजित किया गया। इस ट्रायल में जिले के विभिन्न विद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कड़े प्रतिस्पर्धी माहौल में टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रदर्शन, अनुशासन और टीम भावना का परिचय देते हुए उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। ट्रायल के उपरांत टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कुल 14 खिलाड़ियों का चयन किया गया, जिसमें चार लड़के एवं 10 लड़कियां शामिल हैं। चयनित सभी खिलाड़ी जिले महेंद्रगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तरीय सीएम कप बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता गुरुग्राम में नौ फरवरी से 11 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि सीएम कप हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित एक महत्वपूर्ण राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता है। विद्यालय की सीईओ डॉ. निशा यादव ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि टैगोर स्कूल शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी समान महत्व देता है। प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी राज्य स्तर पर महेंद्रगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय के बास्केटबॉल कोच अशोक राठी, उप-प्रधानाचार्य सुनील कुमार तथा पीजीटी हेड निशांत शर्मा ने संयुक्त रूप से चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

## मॉडर्न स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**महेंद्रगढ़।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय लीगल लिटरेसी (कानूनी साक्षरता) विषय पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिता में मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर अनेक प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्राचार्य प्रदीप कुमार तंवर ने बताया कि जिला स्तरीय इस प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें हमारे स्कूल से भविष्य व नवीन से क्वीज में, वाद-विवाद प्रतियोगिता में अंजली व रिया ने द्वितीय तथा हर्ष ने डोकोमेंटरी फिल्म में तृतीय स्थान प्राप्त कर स्कूल के साथ-साथ पूरे क्षेत्र का नाम गौरवांवित किया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर स्कूल में एक सम्मान समारोह का आयोजन कर उपरोक्त सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। उन्होंने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। चेयरमैन सतन सिंह ने कहा कि आज के समय में कानूनी साक्षरता अत्यंत आवश्यक है।

## एसआईआर के लिए पंचायत भवन में प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

# एक शुद्ध और सटीक मतदाता सूची ही निष्पक्ष चुनाव की नींव : एसडीएम अनिरुद्ध यादव

- एसआईआर प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


**नारनौल।** पंचायत भवन में एसआईआ का प्रशिक्षत लेते बीएलओ।

निर्वाचक पंजीयन अधिकारी नारनौल विधानसभा (70) निर्वाचन क्षेत्र एवं उपमण्डल अधिकारी (ना.) अनिरुद्ध यादव की अध्यक्षता में वीरवार को पंचायत भवन में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में दो सत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने बीएलओ को संबोधित करते हुए कहा कि एक शुद्ध और सटीक मतदाता सूची ही निष्पक्ष चुनाव की नींव है। एसआईआर प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी बीएलओ को शत-प्रतिशत पारदर्शिता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। आज दो सत्रों में मतदान केन्द्रों एक से 50 व 51 से 100 पर कार्यरत बीएलओ को प्रशिक्षण दिया।

### मैपिंग का 75 प्रतिशत कार्य पूरा

उन्होंने बीएलओ को अवगत करवाते हुए बताया कि 70-नारनौल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मैपिंग का 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है। इसे ओर गति प्रदान करने की आवश्यकता है। उन्होंने बीएलओ को मतदाता सूची में बलर फोटो को ठीक करने भी निर्देश दिए। प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रैनेर साकेत यादव ने एसआईआर से सम्बन्धित जानकारी दी और बीएलओ की शंकाओं का समाधान किया। इस मौके पर तहसीलदार निर्वाचन सुरेन्द्र सिंह हुड्डा ने बताया कि जिला निर्वाचन कार्यालय नारनौल में मतदाताओं की सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 1950 शुरू कर दिया गया है। इस पर कोई भी मतदाता फोन कर जानकारी ले सकता है। इस अवसर पर निर्वाचन कानूनगो राकेश कुमार के अलावा चुनाव कार्यालय के अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

**सार्वजनिक सूचना**

मै प्रदीप कुमार पुत्र राजसिंह वासी गांव सुरानी तहसील अटेली जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अंकित मेरे कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमर्जी करता है। इसलिए मै उसको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य मे उससे लेनदेन करने वाल स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मै धापली देवी पत्नी चौथ राम वासी कैलाश नगर नारनौल तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र मनोहर लाल मेरे कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमर्जी करता है। इसलिए मै उसको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य मे उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**THE MAHENDRGARH CO. OP. MKTG. CUM PROCESSING SOCIETY LTD.**
RAILWAY ROAD MAHENDERGARH-123029 (Haryana)
Mob. 7015950882

**सार्वजनिक सूचना आम सभा**

आम एवमं समिति सदस्यगण को सूचित किया जाता है कि दि महेंद्रगढ़ सहकारी विपणन समिति लि. महेंद्रगढ़ की वार्षिक आम सभा दिनांक 18.02.2026 को समिति के प्रांगन में दिन के 11:00 बजे होनी निश्चित की गयी है। समिति के सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध है की सुनिश्चित तिथि एवंम समय व स्थान पर उपस्थित होकर समिति को आम सभा की शोभा बढाये तथा कार्यवाही में भाग लेवे।

**मीटिंग के एजेंडे निम्नलिखित है :-**

1. समिति की पिछली आम सभा वर्ष 2024-25 दिनांक 27.02.2025 की पुष्टि करने बारे।
2. समिति में वर्ष 2024-2025 में किये गए कार्यों की समीक्षा एवंम तुलनात्मक विचार विमर्श।
3. समिति में पिछली आम सभा मीटिंग से वर्ष 2023-2024,2024-2025 एवं जनवरी 2026 तक किये गए खर्चों एवंम अदायगी का अनुमोदन करवाने बारे विचार – विमर्श एवंम निर्णय।

हस्ता/- मैनेजर,
दि महेन्द्रगढ़ सहकारी विपणन समिति लि., महेन्द्रगढ़

## खबर संक्षेप

### रामपुरा में बाबा हनुमान का मेला, भंडारा 10 को

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव रामपुरा में बाबा हनुमान का मेला एवं भंडारा 10 फरवरी सुबह 10 बजे लगाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया की हर वर्ष की तरह फाल्गुन बड़ी नवमी के बाबा हनुमान का मेला धूमधाम से भरवाया जाएगा। मेले में कबड्डी में प्रथम विजेता टीम को 5100 एवं द्वितीय विजेता टीम को 3100 रुपये का नगद इनाम दिया जाएगा। वहीं कुश्तियां 50 रुपये से लेकर 31 हजार तक करवाई जाएंगी।

### लालगिरी आश्रम में रक्तदान शिविर आठ को

**कनीना।** कनीना के बाबा लाल गिरी आश्रम पर आगामी 8 फरवरी रविवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। मोहन सिंह ने बताया कि सुबह 9 बजे से सांय तीन बजे तक संचालित होने वाले इस शिविर की मुख्य अतिथि नगर पालिका कनीना की चेयरपर्सन डॉ रिम्पी लोढ़ा होंगी।

### मंडी में स्वास्थ्य जांच शिविर 8 को

**कनीना।** कनीना मंडी स्थित लाला शिवलाल की धर्मशाला में रविवार 8 फरवरी को सामाजिक संस्था सेवा भारती की ओर से 95वें स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें रेवाड़ी के निजी अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच दवा दी जाएगी। शिवकुमार अग्रवाल ने बताया कि शिविर में हृदय रोग, नेत्र रोग, हड्डी एवं जोड रोग, स्त्री रोग, सामान्य रोगों का उपचार किया गया। शिविर में ईसीजी, बीपी व शुगर की जांच की कर परामर्श भी दिया गया। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित इस शिविर में हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ मनीष वर्मा, सामान्य रोग विशेषज्ञ डा. हर्ष की टीम मरीजों की जांच कर दवा वितरित करेगी।

### पुरी में होगा भारतीय मजदूर संघ का 21वां अधिवेशन

**नारनौल।** देश के सबसे बड़े श्रमिक संगठन भारतीय मजदूर संघ का 21वां अखिल भारतीय अधिवेशन 6, 7 एवं 8 फरवरी को उड़ीसा की पवित्र तीर्थ नगरी पुरी में आयोजित होने जा रहा है। अधिवेशन का केंद्रीय विषय श्रम का गौरव राष्ट्रीय का गौरव रखा गया है, जो श्रमिक सामान को राष्ट्रीय निर्माण से जोड़ने का सशक्त संदेश देता है। इस ऐतिहासिक अधिवेशन में महेंद्रगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री हरकेश करेंगे।

### सरस्वती मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने किया पॉलिटेक्निक का भ्रमण

**नारनौल।** बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में सरस्वती मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा, आधुनिक प्रयोगशालाओं एवं संस्थान की कार्यप्रणाली से परिचित कराना रहा। पूरे भ्रमण कार्यक्रम के दौरान संस्थान के स्टाफ सदस्य सिकंदर सिंह विद्यार्थियों के साथ मौजूद रहे। उन्होंने विभिन्न विभागों की जानकारी विस्तार से प्रदान की। विद्यार्थियों ने संस्थान के लैब ब्लॉक, वर्कशॉप, स्मार्ट क्लासरूम को देखा।

## एसडीएम के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

# मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कांग्रेस ने किया नारनौल कोर्ट में धरना-प्रदर्शन

### मनरेगा केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुधारने का औजार : जितेंद्र बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के मूल सवरुप ने बदलाव की कोशिशों को लेकर कांग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश में लगातार जमीनी स्तर पर आवाज उठा रही है। इसी कड़ी में वीरवार को लघु सचिवालय में धरना–प्रदर्शन किया और एसडीएम अनिरुद्ध यादव के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने, अधिकार आधारित से विवेकाधीन योजना में परिवर्तन, 125 दिनों की तथाकथित गारंटी का भ्रामिक दावा जैसे मुद्दों को उठाया है। प्रदर्शन में हरियाणा के सहप्रभारी जितेंद्र बघेल ने मुख्य रूप से शिरकत की।



नारनौल। लघु सचिवालय पोर्च में प्रदर्शन करते कांग्रेसी। फोटो : हरिभूमि

**इन्होंने लिया भाग**

इस मौके पर बार के पूर्व प्रधान मंजीत एडवोकेट, नंदलाल यादव, मनपाल यादव, एडवोकेट प्रदीप यादव, प्रेम यादव, तोताराम कोली, सुरेंद्र पाराशर, कुलदीप भरगढ़ समेत सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस अवसर पर हरियाणा कांग्रेस के सह प्रभारी जितेंद्र बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा वर्ष 2005 में यूपीए सरकार द्वारा लागू किया गया एक अधिकार आधारित कानून है, जो प्रत्येक ग्रामीण परिवार को रोजगार की मांग करने का वैधानिक अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि मनरेगा पिछले 20 वर्षों से ग्रामीण भारत की जीवनरेखा रही है। कोविड महामारी के कठिन दौर में मनरेगा ने 4 करोड़ से अधिक परिवारों को रोजगार उपलब्ध करवाया, जिसने ग्रामीण आजीविका सुरक्षा की रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्य किया।

**यह बोले अन्य वक्ता**

कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतबीर झूकिया ने कहा कि प्रति वर्ष मनरेगा के तहत पांच करोड़ से अधिक परिवारों को रोजगार मिलता रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर होने वाले पलायन में कमी आती रही। उन्होंने कहा कि मनरेगा न केवल रोजगार उपलब्ध कराना है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देना का काम भी करती है। किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर एवं युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण राव ने कहा कि मनरेगा बचाओ संग्राम राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किया गया है, जिसके माध्यम से कांग्रेस का हर कार्यकर्ता जनता को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करने का कार्य करेगी। उन्होंने ने कहा कि मनरेगा केवल एक रोजगार का साधन नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं वंचितों, गरीब तबके का जीवन स्तर को सुधारने का एक सशक्त साधन भी है। इस दौरान पूर्व मुख्य संसदीय सचिव अनीता यादव ने कहा कि भाजपा सरकार मनरेगा को खत्म करना चाहती है। पहले मनरेगा का 90 प्रतिशत खर्च केंद्र सरकार वहन करती थी, लेकिन अब केवल 60 प्रतिशत केंद्र सरकार देगी, जिससे सीधा राज्य सरकार पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा और जो सरकार पहले से भारी कर्ज में डूबी है। ऐसी स्थिति में वे इस योजना का भुगतान करने में असमर्थ होगी, जिससे मनरेगा समाप्त हो जाएगी। इससे खासकर महिलाओं को सीधा परभावित करेगी। वहीं महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. राज सुनेश ने कहा कि केंद्र सरकार मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना को लगातार कमजोर करने का प्रयास कर रही है, जबकि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि गरीब व मजदूर वर्ग के लिए सम्मान से जीने का अधिकार है।



नारनौल। महायज्ञ में भाग लेते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## महायज्ञ पर आध्यात्मिक विकास, सुख-शांति व समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

पंचकुंडीय विराट श्री रुद्र महायज्ञ के चतुर्थ दिवस वीरवार को यज्ञाचार्य क्रांति निर्मल शास्त्री के सानिध्य में विधिविधान से पुण्याहवाचन कराया गया। गांव पटीकरा के तेजादास आश्रम में महायज्ञ के दौरान सभी यजमानों के आधिभौतिक, आधिदैविक एवं आध्यात्मिक विकास, सुख-शांति और समृद्धि की कामना की गई। यज्ञाचार्य क्रांति निर्मल शास्त्री ने बताया कि विशाल महायज्ञ एवं प्रमुख धार्मिक अनुष्ठानों में पुण्याहवाचन का विशेष महत्व होता है। इसके माध्यम से यजमानों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, कल्याण एवं मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की जाती है। इस मनोकामना पूर्ति रुद्र महायज्ञ में भी पुण्याहवाचन द्वारा समस्त क्षेत्रवासियों के कल्याण, शांति एवं आध्यात्मिक उन्नति की कामना की गई। पुण्याहवाचन के उपरांत सभी प्रमुख पीठों पर स्थापित देवताओं का पूजन किया गया। इसके बाद हवन में पुरुष सूक्त, श्री सूक्त एवं रुद्र मंत्रों के स्वाहाकार के साथ विधिपूर्वक आहुतियां अर्पित की गईं। मंत्रोच्चारण से यज्ञ स्थल भक्तिमय वातावरण से ओत-प्रोत हो उठा। इस अवसर पर शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने यज्ञ स्थल पर पहुंचकर महंत नंदकिशोर दास महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## सैनी क्षत्रिय सभा में स्वास्थ्य शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर की सैनी क्षत्रिय सभा के प्रांगण में वीरवार को एक दिवसीय विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस कैंप में टीबी, एचआईवी, आयुष, एनसीडी और नियमित टीकाकरण जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं एक ही छत के नीचे प्रदान की गईं। शिविर में भारी संख्या में स्थानीय लोगों ने पहुंचकर अपनी सेहत की जांच करवाई। शिविर के दौरान कुल 61 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। टीबी की रोकथाम और पहचान के लिए संदिग्ध मरीजों के 10 बलगम के सैंपल लिए गए, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। इसके साथ ही एचआईवी के टेस्ट भी मौके पर किए गए और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों जैसे ब्लड प्रेशर और शुगर की भी जांच की गई।



महेंद्रगढ़। मरीजों की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

सैनी सभा के प्रधान सुरेश सैनी ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का स्वागत करते हुए कहा कि समाज को बीमारियों से मुक्त रखने के लिए इस तरह के शिविरों का आयोजन बेहद जरूरी है। सैनी क्षत्रिय सभा हमेशा सामाजिक कार्यों में अग्रणी रही है।

## हकेंवि में जॉब फेयर 10 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा गुरुग्राम मंडलीय रोजगार कार्यालय हरियाणा सरकार के सहयोग से आगामी 10 फरवरी को विश्वविद्यालय परिसर में जॉब फेयर-2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन विद्यार्थियों एवं रोजगार के इच्छुक युवाओं को उद्योग जगत के प्रतिष्ठित संगठनों से जोड़ने और उन्हें विविध करियर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि हकेवि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ रोजगारोन्मुख अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को उद्योग जगत की अपेक्षाओं से अवगत कराते हैं।





## युवाओं के लिए शुरू हुआ ऑनलाइन क्विज़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

भारत सरकार के माय भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से युवाओं को बजट की जानकारी से जोड़ने के उद्देश्य से माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 नाम से राष्ट्रीय स्तर की पहल शुरू की गई है। इस अभियान के तहत ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसमें 15 से 29 वर्ष तक के युवा भाग ले सकते हैं। पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव ने इस संबंध में जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम का पोस्टर लॉन्च किया। इस दौरान जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने बताया कि यह ऑनलाइन क्विज़ 3 फरवरी से शुरू होकर 17 फरवरी तक लाइव रहेगा। उन्होंने बताया कि ट्रेनी जिला युवा अधिकारी विकास मीणा, विशाल धाकड़, सूरज कुमार, राज पटेल तथा तरुण पंवार ने विधायक ओमप्रकाश यादव से शिष्टाचार भेंट कर कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा युवाओं को अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की।

## पूर्व मंत्री ने की माय भारत बजट की प्रशंसा, बोले-भविष्य युवाओं के हाथ में

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव के साथ नवनियुक्त पांच डीवाईओ ने मुलाकात कर देश व प्रदेश के युवा साथियों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। यह मुलाकात माय भारत केंद्र के अंतर्गत आयोजित हुई, जिसमें जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने युवाओं के भविष्य, रोजगार, नेतृत्व विकास, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका तथा माय भारत अभियान के माध्यम से युवाओं को जोड़ने जैसे विषयों पर सार्थक संवाद किया। डॉ. अभय सिंह यादव ने कहा कि "देश का भविष्य युवाओं के हाथ में है और जब प्रशासनिक अनुभव व युवा ऊर्जा एकसाथ आती हैं तो सकारात्मक परिवर्तन तय होता है।



नारनौल। पूर्व मंत्री डा. अभयसिंह से मुलाकात करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## हाड़ कंपाने वाली ठंड की विदाई तय : डा. चंद्रमोहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

पर्यावरण क्लब कॉलेज के नोडल धिकारी एवं मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्रमोहन ने बताया कि हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम में बदलाव के ब्यार देखने को मिल रहे हैं। सम्पूर्ण इलाके से हाड़ कंपा देने वाली ठंड की विदाई लगभग तय हो चुकी हैं और बसंत ऋतु आने को बेताब है। मौसम सुहावना होने लगेगा। सम्पूर्ण इलाके में आने वाले दिनों धीरे–धीरे तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। डॉ चंद्रमोहन ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य में हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम आमतौर पर शुष्क बना हुआ है सम्पूर्ण इलाके में दिन और रात के तापमान में उछाल देखने को मिल रहा है। आने वाले दिनों में हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम आमतौर पर शुष्क परन्तु गतिशील बना रहेगा। क्योंकि एक के बाद एक दो कमजोर पश्चिमी विक्षोभ पहला 6 फरवरी और दुसरा 9 फरवरी को उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से केवल उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बारिश और बर्फबारी देखने को मिलेगी।

## एमआर स्कूल में यातायात नियमों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

अटेली स्थित एमआर पब्लिक स्कूल में यातायात थाना प्रभारी नरेश कुमार ने विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों को यातायात नियमावली के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इस सेमिनार में विद्यालय के बस चालकों एवं परिचालकों को भी जागरूक किया। उनके साथ टीम में सुनील कुमार, विक्रम सिंह तथा राजकुमार भी शामिल रहे। उन्होंने आए दिन सड़क पर बढ़ती दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त की तथा इनको रोकने के लिए आम नागरिक की भूमिका की भागीदारी की भी अपील की। उन्होंने इस जागरूकता अभियान में विद्यार्थियों एवं चालकों से शपथ दिलवाई, जिसमें उन्होंने यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि वाहन चलाते समय सदा एक निश्चित गति सीमा के आधार पर ही वाहन को चलाना चाहिए।



### गांव सिसोठ में ग्राम सभा का आयोजन

**महेंद्रगढ़।** गांव सिसोठ के पंचायत घर में ग्राम सभा की एक महत्वपूर्ण बैठक सरपंच वीरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में ग्राम सचिव राकेश कुमार, ग्राम सचिव पूनम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस बैठक का मुख्य उदेश्य पंचायती भूमि में कब्जाधारियों के मकानों को 2004 के कलेक्टर रेट पर कीमत जमा करके रजिस्ट्री करवाने के लिए आई हुई फाइल पर किसी को कोई आपत्ति है वो अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं।

## राजकीय कॉलेज में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय में भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए एक विशेष जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बजट की प्रमुख विशेषताओं, इसके उद्देश्यों तथा देश के समग्र विकास में इसकी भूमिका से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर विजय यादव ने किया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट देश के विकास की दिशा और प्राथमिकताओं को दर्शाता है। युवाओं को बजट की समझ होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यही युवा भविष्य में राष्ट्र निर्माण की मुख्य धुरी होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे बजट से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित कॉलेज स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

**खतरा** आमजन और व्यापारी दहशत के साए में जीने को मजबूर, कई हो चुके चोटिल

# अटेली शहर में आवारा सांडों का आतंक, व्यापारी और राहगीर परेशान

### दुकानदार इन्हें भगाते हैं तो कर देते हैं हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

अटेली शहर में आवारा पशुओं, विशेषकर सांडों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। अब यह समस्या केवल आमजन तक सीमित नहीं रही, बल्कि व्यापारी वर्ग भी दहशत के साए में जीने को मजबूर है। बाजारों, प्रमुख सड़कों और चौराहों पर सांडों के झुंड खुलेआम घूमते नजर आ रहे हैं, जिससे दुकानदारों और खरीदारी करने आने वाले ग्राहकों में भय का माहौल बना हुआ है। आवारा सांड न केवल यातायात में बाधा बन रहे हैं, बल्कि परचून की दुकानों के बाहर रखे सामान को भी मुंह में भर लेते हैं। जब कोई दुकानदार इन्हें भगाने का प्रयास करता है तो कई बार ये सांड हमला करने पर उतारू हो जाते हैं। इससे किसी बड़े हादसे की आशंका हमेशा बनी रहती है। स्थानीय लोगों और व्यापारियों का आरोप है कि पशुओं के आतंक पर रोक लगाने के लिए नगर पालिका के पास कोई ठोस योजना नहीं है। पालिका अधिकारी और पार्षद इस गंभीर समस्या की ओर कोई ठोस कदम उठाते नजर नहीं आ रहे हैं। इससे लोगों में भारी नाराजगी व्याप्त है। स्थिति यह हो गई है कि शहर मानो अखाड़ा बन गया हो, जहां सांडों और बैलों का जमावड़ा आम दृश्य बन चुका है। वीरवार को अटेली अनाज मंडी में दो आवारा सांड आपस में भिड़ गए। गनीमत रही कि उस समय उनके आसपास कोई बच्चा मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। आवारा सांडों के कारण शहर का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। लोगों ने जिला उपायुक्त और नगर पालिका प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान निकालने की मांग की है।



मंडी अटेली। हिंसक होते आवारा सांड। फोटो : हरिभूमि फोटो : हरिभूमि

**यह कहते हैं सचिव**

इस बारे नगर पालिका अटेली सचिव प्रशांत पारासर से बात उन्होंने बताया कि पिछली बार आवारा पशुओं को पकड़ लिया गया था। अगर दोबारा से ऐसी स्थिति शहर में बन गई है तो टेंडर लगाकर फिर से आवारा पशु पकड़ने का अभियान चलाया जाएगा।

## विधायक ने लांच किया माई भारत बजट का पोस्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

भारत सरकार के माय भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा युवाओं को बजट की जानकारी से जोड़ने के उद्देश्य से "माई भारत बजट क्वेस्ट 2026" नाम से राष्ट्रीय स्तर की पहल शुरू की गई है। इस अभियान के तहत ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसमें 15 से 29 वर्ष तक के युवा भाग ले सकते हैं। इस संबंध में क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने के लिए विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव द्वारा कार्यक्रम का पोस्टर लॉन्च किया गया। इस दौरान जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने बताया कि यह ऑनलाइन क्विज़ 3 फरवरी से शुरू होकर 17 फरवरी तक लाइव रहेगा। जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव के मार्गदर्शन में ट्रेनी जिला युवा अधिकारी विकास मीणा, विशाल धाकड़, सूरज कुमार, राज पटेल तथा तरुण पंवार ने विधायक ओमप्रकाश यादव से शिष्टाचार भेंट कर कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा युवाओं को अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की। विधायक ने इस पहल की सराहना करते हुए क्षेत्र के युवाओं से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि यह पहल युवाओं को केंद्रीय बजट 2026 की प्रमुख योजनाओं और नीतियों को समझाने के उद्देश्य से शुरू की गई है, ताकि युवा देश की आर्थिक नीतियों से जुड़ सकें।



नारनौल। पोस्टर लांच करते विधायक ओमप्रकाश यादव। फोटो : हरिभूमि